# अनेकार्थी शब्द

---

**परिभाषा**
जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें 'अनेकार्थी शब्द' कहते है। अनेकार्थी का अर्थ है - एक से अधिक अर्थ देने वाला। भाषा में कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग होता है, जो अनेकार्थी होते हैं। खासकर यमक और श्लेष अलंकारों में इसके अधिकाधिक प्रयोग देखे जाते हैं।

**अनेकार्थी शब्द उदाहरण**
"रहिमन **पानी** राखिए, बिन **पानी** सब सून।
**पानी** गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चुन।"
"चली **चंचला**, **चंचला** के घर से, तभी **चंचला** चमक पड़ी।"
**उपर्युक्त उदाहरणों में प्रयुक्त शब्दों के अर्थ देखें:**

- **पानी -** चमक (मोती के लिए)
  इज्जत (मानव के लिए)
  जल (चूना, आटे के लिए)
- **चंचला -** लक्ष्मी, स्त्री, बिजली

**अनेकार्थी शब्दों की सूची**

| अनेकार्थी शब्द | अर्थ |
|---|---|
| अरुण | लाल, सूर्य, सूर्य का सारथी |
| अपेक्षा | इच्छा, आवश्यकता, आशा |
| अंक | भाग्य, गिनती के अंक, गोद, नाटक के अंक, चिन्ह संख्या, |
| अंबर | आकाश, अमृत, वस्त्र |
| आम | आम का फल, सर्वसाधारण, मामूली, सामान्य। |
| अंश | हिस्सा, कोण का अंश, किरण। |
| अज | ब्रह्मा, बकरा, दशरथ का पिता। |
| अक्ष | आँख, धुरी, आत्मा, पहिया। |
| अहि | सर्प, सूर्य, कष्ट। |
| उत्तर | उत्तर दिशा, जवाब, हल, पिछला, बाद का। |
| एकाक्ष | काना, कौवा |
| काल | समय, मृत्यु, यमराज |
| कर्ण | कर्ण (नाम), कान |
| कनक | सोना, धतूरा, पलाश, गेंहूँ |
| कर्क | केंकड़ा, आग, एक राशि |
| कम्बल | आँसू, ऊनी वस्त्र, गाय के गले का रास |
| कुरंग | हिरण, नीला, बदरंग |
| कुंभ | घड़ा, एक राशि, हाथी का मस्तक |
| खग | पक्षी, तारा, गन्धर्व, जुगनू, बाण |
| गण | समूह, मनुष्य, भूतप्रेतादि, छन्द में गिनती के पद |
| घन | बादल, अधिक, घना, गणित का घन, हथौड़ा |

| | |
|---|---|
| चरण | पग, पंक्ति, पद्य का भाग |
| चोटी | शिखर, सिर, वेणी |
| चारा | पशुखाद्य, उपाय |
| जलज | कमल, मोती, शंख, मछली, जोंक, चन्द्रमा |
| जलधर | बादल, समुद्र |
| जरा | बुढ़ापा, थोड़ा |
| ज्येष्ठ (जेठ) | पति का बड़ा भाई, बड़ा, हिन्दी महीना |
| तीर | बाण, किनारा, तट |
| ताल | लय, एक वृक्ष, झील |
| तात | पूज्य, प्यारा, मित्र, पिता |
| तमचर | उल्लू, राक्षस, चोर |
| धाम | घर, शरीर, देवस्थान |
| निशान | तेज करना, चिह्न, यादगार, पताका |
| निशाचर | राक्षस, प्रेत, उल्लू, साँप, चोर |
| पद | चरण, शब्द, पैर, रक्षा, ओहदा, कविता का चरण |
| पृष्ठ | पीठ, पत्रा, पीछे का भाग |
| पुष्कर | तालाब, कमल, आकाश, तलवार |

| | |
|---|---|
| भीत | डरा हुआ, भित्ति, दीवार |
| भेद | रहस्य, अन्तर, प्रकार |
| भाग | हिस्सा, विभाजन, भाग्य |
| मधु | शराब, शहद, दूध, मीठा |
| मत | राय, वोट, नही |
| लहर | तरंग, वायु की गति, उमंग, जोश |
| लघु | ह्रस्व, छोटा, हल्का |
| वर्ण | जाति, रंग, अक्षर |
| विधि | कानून, रीति, भाग्य, ढंग |
| शक्ति | योग्यता, प्रभाव, बल |
| श्रुति | कान, वेद |
| शून्य | आकाश, बिन्दु, अभाव, ईश्वर |